# कार्यालय– प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र

**दिनांक: 12.07.2025**

## आवश्यक सूचना

स्नातक (बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस–सी0) प्रथम वर्ष सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु इच्छुक समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जो भी छात्र/छात्राएं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में अपना ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र नही भर पाये है वे सभी दिनांक 14 तथा 15 जुलाई 2025 को अपना ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र निम्नलिखित दो चरणों में भर सकते हैं।

***नोट–1.*** *दिनांक 14 तथा 15 जुलाई 2025 को ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने वाले छात्र/छात्राओं की प्रवेश काउंसिलिंग* ***दिनांक 17 जुलाई 2025 समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 तक*** *होगी।*

*2. बी0ए0 के छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध विषय–*

- *सभी छात्र/छात्राओं को पहला विषय संस्कृत लेना अनिवार्य होगा।*
- *दूसरे विषय का आवंटन सीटों की उपलब्धता के आधार पर होगा।*

**प्रथम चरणः**–माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के समर्थ पोर्टल लिंक https://mvvuadm.samarth.edu.in/index.php पर क्लिक करके विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन करें, तत्पश्चात रजिस्ट्रेशन स्लिप की प्रिंटआउट प्राप्त कर छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश काउंसिलिंग के समय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में प्रस्तुत करेगें।

***नोट–***

*महाविद्यालय में प्रवेश हेतु माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्ज़ापुर की समर्थ वेबसाइट https://mvvuadm.samarth.edu.in/index.php पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इससे अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या (SRN Number) मिलेगा जिसको राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र के आनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र में भरना अनिवार्य होगा। इसके बिना अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा। किसी अन्य विश्वविद्यालय के पंजीकरण से इस महाविद्यालय में प्रवेश संभव नहीं है।*

**द्वितीय चरणः**–14 तथा 15 जुलाई 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र की वेबसाइट www.gpgcobra.ac.in **&** www.onlinegpgcobra.org पर अपना आनलाईन प्रवेश आवेदन भरें तथा आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें।

**समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश–**

1. आवेदक को समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय अपना सभी व्यक्तिगत इनफॉरमेशन को सही और बहुत सावधानी पूर्वक भरें क्योंकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत रजिस्ट्रेशन फार्म में किसी भी तरह का परिवर्तन संभव नहीं होगा।
2. आवेदक द्वारा दर्ज किया गया नाम और अन्य विवरण कक्षा X बोर्ड मार्कशीट में दिए गए विवरण के समान होना चाहिए।
3. समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के समय आवेदक को अपना स्वयं का सक्रिय ईमेल पता और मोबाइल नम्बर ही उपयोग करना है क्योंकि प्रवेश से संबंधित सभी ऑफिशियल इनफॉरमेशन इसी ईमेल पते और मोबाइल नम्बर के माध्यम से किया जाएगा।
4. समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने में कुल 02 स्टेप हैं। दोनों **Step 01 (Complete Profile) & Step 02 (Pay Registration Fees)** को पूर्ण करने के उपरांत दस्तावेज का प्रिंटआउट प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें।

प्रो0 प्रमोद कुमार
प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ओबरा–सोनभद्र